तापमान

अधिकतम 14.5 डिग्री
न्यूनतम 3.8 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024

14 मोदी की गांरटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही



14 भारत विश्व का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देशः डॉ. शालीन



## खबर संक्षेप

### पानीपत पुलिस ने लूट के चार आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने मारपीट कर लूटपाट करने वाले गिरोह के चार आरोपियों आलिम व मोहम्मद फैज निवासी नूरपुर बिजनौर यूपी हाल जाटल रोड, राज कुमार निवासी मुकामा पटना बिहार व शाहरूख निवासी शहरपुर कल्याण बिजनौर यूपी हाल जाटल रोड को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि लूट की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में नरेंद्र निवासी नजफगढ़ दिल्ली की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### चोरी के चार आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने बाबरपुर मंडी के सामने स्थित सेलर के ऑफिस में चोरी करने के आरोपियों अनमोल व किशन निवासी बाबरपुर, चंदन निवासी भूल भुलैया चौक पानीपत व कर्ण निवासी गांव शिमला मौलाना के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 20 हजार रुपए की नगदी बरामद की।

### फैक्ट्री कार्यालय से रुपये व पीतल शीट चोरी

**यमुनानगर।** चोरों ने बर्तन फैक्ट्री के कार्यालय का ताला तोड़ एक लाख 45 हजार रुपये की नकदी व पीतल की शीट चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सावनपुरी कालोनी निवासी गगनदीप सिंह शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सूने घर का ताला तोड़कर चुराई नकदी व आभूषण

**यमुनानगर।** कल्याण नगर जगाधरी निवासी ममता ने बताया कि 23 जनवरी को उसकी मां की तबीयत खराब हो गई थी। जिसे वह मुलाना अस्पताल में लेकर गए थे। वह घर का ताला लगाकर अस्पताल में गए थे। सुबह उसके चाचा के लड़के का फोन आया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। जब वह वापस आए तो उन्होंने देखा कि घर से 15 हजार रुपये व आभूषण गायब थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।


# बर्फीली शीतलहर लोगों के लिए बनी आफत

## कड़ाके की ठंड में एक महीने से ठिठुर रहे लोग, नहीं मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

पहाड़ी इलाकों में हो रहे हिमपात के कारण चल रही बर्फीली शीतलहर और दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से पिछले एक महीने से मौसम में बन रही कड़ाके की ठंड लोगों के लिए आफत बन रही है। ठंड की वजह से लोग बीमारियों की चपेट में रहे हैं। अस्पतालों में बुखार, जुखाम व निमोनिया समेत सर्दी में होने वाली बीमारियों से पीड़ित मरीजों की ओपीडी बढ़ रही है। चिकित्सक बढ़ती ठंड में लोगों को ऐहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं।

वीरवार को अलसुबह से ही जिले में घना कोहरा छा गया और शीतलहर चलने लगी। जिससे मौसम में कंपकपाती ठंड बढ़ गई। आलम यह था कि सड़कों पर लोगों को चार फुट की दूरी पर भी वाहन व अन्य कोई वस्तू दिखाई नहीं दे रही थी। वाहन चालक लाइटें जलाकर सड़कों से गुजरने पर मजबूर थे। दोपहर तक जिले में कोहरे की वजह से जनजीवन अस्तव्यस्त रहा और बाजार सुने रहे। खास बात यह रही कि रोजाना सुबह के वक्त उठकर अपने कामकाज निपटाने वाले लोग भी देर तक रजाई में दुबके रहे।





यमुनानगर में वीरवार को घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन चालक व स्टेशन पर धुंध में खड़े होकर ट्रेनों के आने की इंतजार करते यात्री।

### ट्रेन व बस भी अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची

वीरवार को घनी धुंध की वजह से रेल यातायात भी काफी प्रभावित हुआ। यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर आधा दर्जन गाड़ियां अपने निर्धारित समय से आधा से एक घंटा देरी से पहुंची। जिससे यात्रियों को ट्रेनों की इंतजार में घंटो स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर बैठकर ठिठूरने को मजबूर होना पड़ा। वहीं, बसें भी अपने गंतव्य पर अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची।

### बरतें एहतियात

जिला सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह ने बढ़ती ठंड में बच्चों व बुजुर्गों के लिए एहतियात बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि ठंड में बच्चों को बाहर ना निकलने दें। यदि बाहर निकलना है तो बच्चों व बुजुर्ग गर्म वस्त्र पहन कर ही बाहर निकलें।

### तापमान में आई गिरावट

वीरवार को जिले का अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहा।

# लूट मामले के दोषी को सात वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र आशु कुमार जैन की अदालत ने देसी कट्टा दिखाकर लूट करने के आरोपी को सतिन्द्र सिंह उर्फ क्रान्ति पुत्र हाकम सिंह वासी मंडोखरा थाना बाबैन जिला कुरुक्षेत्र को 7 वर्ष कारावास व 28 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी प्रदीप मलिक ने बताया कि बैरागी महतो वासी बिहार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने साथियों के साथ गांव खरकाली जिला कुरुक्षेत्र में गन्ना छिलाई करता है। 5 दिसम्बर 2021 को समय करीब 4-50 बजे शाम को एक मोटरसाईकिल पर एक नौजवान लड़का खेत में टयूबवैल पर आया और देसी कट्टा उसकी कनपट्टी पर लगाकर उसकी जेब से 22 हजार रुपये छीनकर निकाल लिए। टयूबवैल कोठा में रखे उसके साथियों के बैग से 8 हजार रुपये व मोबाइल के साथ अन्य कागजात उठाकर व जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार को दी गई। 20 दिसम्बर 2021 को आरोपी सतिन्द्र सिंह उर्फ क्रान्ति पुत्र हाकम सिंह वासी मंडोखरा थाना बाबैन जिला कुरुक्षेत्र को मामले में गिरफ्तार करके वारदात में प्रयोग बाइक व देसी कट्टा बरामद किया गया। जांच पूरी होने पर मामले का चालान न्यायालय में दिया गया। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र श्री आशु कुमार जैन की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर देसी कट्टा दिखाकर लूट करने के आरोपी सतिन्द्र सिंह उर्फ क्रान्ति पुत्र हाकम सिंह वासी मंडोखरा थाना बाबैन जिला कुरुक्षेत्र को आईपीसी की धारा 392/397 के तहत 7 वर्ष कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माना व जुर्माना न भरने की सूरत में 4 महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी, आईपीसी की धारा-201 के तहत 2 वर्ष कारावास व 3 हजार रुपये जुमार्ना व जुर्माना न भरने की सूरत में 1 माह का अतिरिक्त कारावास, आर्मस एक्ट तहत 3 साल कारावास व 5 हजार जुर्माना की सजा सुनाई व जुर्माना न भरने पर 1 माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

- 28 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई

# गंडासी व लाठियों से हमला कर तीन भाइयों को किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव गधौला में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने तीन भाईयों पर गंडासी व लाठियों से हमला कर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव गधौला निवासी कुलदीप ने बताया कि वह अपने भाई श्याम लाल के साथ कार खड़ी करने जा रहे था। जब वह गांव के नरिंद्र पाल के घर के पास पहुंचे तो वहां पर गांव के ही तीन लोग झगड़ा कर रहे थे। जब उन्होंने उन तीनों को झगड़ा करने से रोका तो नरिंद्र पाल के घर से दीपू, अजय सिंह, गौरव व प्रकाश सिंह हाथों में गड़ासी व लाठियां लेकर आए। आरोपियों ने आते ही उन दोनों पर हमला कर दिया। जिससे वह दोनों भाई घायल हो गए। इस दौरान गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे और उन दोनों को आरोपियों से छुडवाया। जिसके बाद उसका भाई जरनैल सिंह मौके पर पहुंच गया। जब उसका भाई उन्हें अस्पताल ले जाने लगा तो आरोपियों ने फिर से उन पर हमला कर दिया। जिससे उसका भाई जरनैल सिंह भी घायल हो गया। आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सफाई कर्मचारी से छीना मोबाइल

**यमुनानगर।** शहर के वर्कशॉप रोड पर सिटी मॉल के पास बाइक सवार बदमाशों ने सफाई कर्मचारी से मोबाइल छीन लिया। महादेव कॉलोनी निवासी तेजपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सिटी मॉल के में सफाई का काम करता है। जब वह मॉल से निकलकर वर्कशॉप रोड पर पहुंचा तो पीछे से बाइक पर तीन अज्ञात युवक आए। इससे पहले वह कुछ समझ पाता आरोपी युवकों ने उसका मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए।

### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

**थानेसर।** किसी भी राष्ट्र निर्माण युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। युवा राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देकर अपना कर्तव्य वोट के माध्यम से अभिव्यक्त कर सकते हैं। भारत को विकासशील से विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिए संबोधन के पश्चात केयू सीनेट हाल में युवा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मौके पर कुवि के कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, केयू राष्ट्रीय सेवा योजना के कोऑर्डिनेटर डॉ. आनंद कुमार, डॉ. सुनील ढुल, डॉ. नीरज बातिश सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# इनेलो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पीए से ठगे 3 लाख

## बैंक में चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

इनेलो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती के पीए अशोक कुमार को बैंक में चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप रसूलपुर निवासी पुष्पिंद्र पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भिवानी के जमालपुर गांव निवासी अशोक कुमार ने बिलासपुर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 20 साल से इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंबाला के खानपुरा गांव निवासी प्रकाश भारती के साथ निजी सहायक के रूप में रह रहा है। उनका कार्यालय व घर दोसड़का में भी है। 28 अगस्त 2022 को रसूलपुर निवासी पुष्पिंद्र ने फोन कर उसे अपने घर बुलाया था। उस समय वह कैथल के गांव नीमवाला निवासी विनोद कुमार के साथ उसके घर पर गया था।

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

वहां पुष्पिंद्र व उसके पिता व पत्नी मिली थी। तब आरोपी पुष्पिंद्र ने उसे पंजाब नेशनल बैंक में सरकारी चपरासी के पद पर नौकरी लगवाने की बात कही थी। आरोपी ने उसे कहा था कि पीएनबी में चपरासी की पोस्ट निकली हुई है। चपरासी लगवाने के लिए आरोपी ने तीन लाख रुपये खर्च बताया था। सरकारी नौकरी लगने के लालच में आकर उसने आरोपी को तीन लाख रुपये दे दिए। लेकिन रुपये लेने के बाद आरोपी ने उसे नौकरी पर नहीं लगवाया। नौकरी नहीं लगने पर जब उसने आरोपी से अपने रुपये वापस मांगे तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने इसकी शिकायत बिलासपुर थाना पुलिस को दी।

उधर, जांच अधिकारी एसआई सतीश का कहना है कि अशोक कुमार की शिकायत पर आरोपी पुष्पिंद्र के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# गणतंत्र दिवस पर हरियाणा की झांकी में करनाल की बेटियां भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मेरा परिवार-मेरी पहचानह थीम पर हरियाणा की झांकी प्रदर्शित की जाएगी। इस झांकी में करनाल जिला की बेटियां ऊषा, छवि, क शि श , चाहत, मीनाक्षी, अनुष्का व स्वाति भाग ले रही हैं, जिनकी एक झलक दिल्ली के कर्तव्य पथ पर दिखाई देगी, जोकि करनाल के लिए गर्व की बात है।

- मेरा परिवार मेरी पहचान थीम पर होगी हरियाणा की झांकी

बता दें कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में कर्तव्य पथ पर प्रदर्शन के लिए हरियाणा की झांकी को लगातार तीसरी बार स्थान मिला है। क्योंकि आज हरियाणा ऑनलाइन सेवाओं के लिए पहले ही देश भर में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। मेरा परिवार-मेरी पहचान कार्यक्रम की शुरुआत आम जन को घर द्वार पर सरकारी सुविधाएं व सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर की गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सकारात्मक सोच के साथ प्रदेश में अनूठी योजनाएं लागू करके हरियाणा को विकास की राह पर आगे बढ़ा रहे हैं। हरियाणा की कई योजनाओं का दूसरे राज्य भी अब अनुसरण कर रहे हैं और केन्द्र सरकार ने भी अपनाया है। इस बार की हरियाणा की झांकी भारत सरकार के थीम - विकसित भारत के साथ सटीक बैठती है, जिसमें विरासत और विकास का सामंजस्य दिखाई देगा।

### साइबर ठग ने झांसा देकर 99994 रुपये ठगे

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को झंसा देकर 99994 रुपये ठग लिए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिवपुरी ए निवासी मोहेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 13 मई 2023 को उसकी बेटी जसप्रीत कौर का पासपोर्ट आना था। इसके लिए उसकी बेटी ने ऑनलाइन गूगल पर कोरियर सर्च किया। वहां से मिले नंबर पर उसकी बेटी ने फोन किया। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने कोरियर ट्रैक करने के लिए लिंक भेज कर उस पर दो रुपये ऑनलाइन भेजने को कहें। उसकी बेटी ने उस लिंक पर पेटीएम के माध्यम से दो रुपये भेज दिए। इसके बाद 15 मई को उसके खाते से 99994 रुपये कट गए। उसकी बेटी ने दोबारा उस नंबर पर फोन किया तो वह नहीं मिला। इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

# जेल के अंदर पति को सामान देने की आड़ में चरस पहुंचाने की चेष्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जेल में बंद बाचू गैंग के सदस्य सन्नी निवासी गांव असदपुर जिला सोनीपत को पत्नी सुजवंती ने जेल के अंदर अपने पति को सामान देने की आड़ में चरस पहुंचाने की चेष्टा की। वहीं पानीपत जेल में सामान की तलाशी के दौरान चरस पकड़ी गई। इसके बाद सुजवंती जेल परिसर से फरार हो गई। इधर, जांच में पता चला कि चरस को बैग की तनी के अंदर छिपाकर उस पर सिलाई की गई थी। जेल उप अधीक्षक दीपक हुड्डा की शिकायत पर सेक्टर 29 थाना पुलिस ने पत्नी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित महिला की तलाश शुरू कर दी है। इधर, डीएसपी जेल दीपक ने बताया कि 24 जनवरी को पत्नी सुजबंती ने अपने पति बंदी सन्नी के लिए कुछ कपड़े व बैग जेल गेट पर जमा कराए। जिनकी वार्डर सुभाष ने तलाशी ली तो बैग के ऊपरी भाग में कुछ सीली हुई निषेध वस्तु प्राप्त हुई, जिसकी सूचना वार्डर ने जेल प्रशासन को दी। वहीं, जेल प्रशासन ने सेक्टर 29 थाना पुलिस को मौके पर बुलाया। थाने से जांच अधिकारी एएसआई ऋषि प्रकाश व ईएएसआई कृष्ण सरकारी फोटोग्राफर के साथ मौके पर पहुंचे। उप अधीक्षक ने जांच अधिकारी को बैग सुपुर्द किया। इसी बीच नोडल अधिकारी ध्रुव गोस्वामी ईटीओ को मौके पर बुलाया। जिनकी निगरानी में बैग की सिलाई ब्लेड से काटकर देखा तो उसमें चरस मिली, जो वजन करने पर छह ग्राम मिली।

- कुख्यात अपराधी सन्नी की पत्नी चरस लेकर आई थी, डीएसपी जेल ने केस दर्ज करवाया

# अंतरराष्ट्रीय आयुष कॉन्फ्रेंस का आयोजन

कुरुक्षेत्र। केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय और दुबई के स्वास्थ्य प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में दूसरे अंतरराष्ट्रीय आयुष कॉन्फ्रेंस का आयोजन 13 से 15 जनवरी को दुबई के ट्रेड सेंटर में किया गया। जिसमें श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के रस शास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. रविराज द्वारा रोल ऑफ आयुर्वेद इन ट्रीटमेंट ऑफ ऑटोइम्यून डिसऑर्डर विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने और शोधपत्र प्रस्तुति पर डॉ. रवि राज को बधाई दी।




## मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के 14वें राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मतदाताओं को दिलवाई शपथ

# चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए हर मतदाता को करना होगा चुनाव आयोग का सहयोग : कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि प्रदेश में चुनावों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रत्येक मतदाता को चुनाव आयोग का सहयोग करना चाहिए। इस प्रदेश में चुनाव प्रक्रिया को सहज व सुगम बनाने के लिए हरियाणा राज्य चुनाव कार्यालय की तरफ से व्यापक स्तर पर प्रबंध किए है। इतना ही नहीं चुनाव कार्यालय की तरफ से मतदाताओं को घर बैठे तमाम जानकारियां देने के लिए 7 प्रकार के ऑनलाइन एप्प भी तैयार किए है। इस प्रदेश में चुनाव कार्यालय को पूर्णतया आधुनिक बनाया गया है। मुख्य सचिव संजीव कौशल वीरवार को कुरुक्षेत्र अग्रसेन पब्लिक स्कूल के सभागार में हरियाणा राज्य निर्वाचन कार्यालय की तरफ से राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 14वें राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्य सचिव संजीव कौशल, हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी एवं प्रधान सचिव अनुराग अग्रवाल ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया और कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की राज्य स्तरीय पेंटिंग, फोटो, स्कल्पचर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके उपरांत मुख्य सचिव ने सूचना प्रसारण मंत्रालय की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया। मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हरियाणा राज्य चुनाव कार्यालय के कैलेंडर का भी विमोचन किया।




**कुरुक्षेत्र।** प्रतियोगिताओं के विजेता को सम्मानित करते हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल।

### विजेताओं को मुख्य सचिव ने किया सम्मानित

मुख्य सचिव ने कॉलेज वर्ग की राज्यस्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाली पानीपत गीता पीजी कॉलेज शेरा की छात्रा अंजली और द्वितीय स्थान हासिल करने वाले पंचकूला राजकीय पीजी कॉलेज सेक्टर-1 के विद्यार्थी चेतन शर्मा, स्कूल वर्ग की निबंध लेखन प्रतियोगिता में पानीपत जाटल पीएमश्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा दीपांशी को प्रथम और सोनीपत जीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कल्याणी को द्वितीय स्थान पर रहने पर पुरस्कृत किया। मुख्य सचिव ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में करनाल डीएवी महिला कुमारी विद्यावती आनंद की छात्रा सिमरण को प्रथम स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया।



# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जिले भर में किया सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधः पुनिया

**यमुनानगर।** 75वें राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर शहर के तेजली खेल परिसर में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय समारोह को लेकर पुलिस ने जिले भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए हैं। जिला की सीमाओं, चौक चौराहों, भीड़ भरे स्थानों, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन समेत अन्य स्थानों पर पुलिस की चौकसी बढ़ा दी है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया है। जिला के सभी बॉर्डर एरिया पर पुलिस के चार नाके तथा शहर के अंदर 9 नाके लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम में करीब 600 पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर आयोजित होने वाले जिलास्तरीय समारोह में हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।



- जिला पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

इसके अतिरिक्त जिला के उप मंडल छछरौली में विधायक रामकरण, बिलासपुर में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व रादौर में लीला राम गुर्जर द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। आयोजन स्थल पर व आयोजन स्थल की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर नाके लगाकर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## चीता राइडरों को किया तैनात

पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलास्तरीय व उपमंडलस्तरीय आयोजन स्थलों के आसपास की सुरक्षा के लिए पीसीआर व चीता राइडरों को तैनात किया गया है। जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। आयोजन स्थलों के प्रवेश द्वार पर मैटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पर्व के अमृत महोत्सव के तहत जिला में मनाये जाने वाले गणतंत्र दिवस के इस समारोह को लेकर पुलिस विभाग पूरी तरह से तैयार व चौकन्ना है। जिला पुलिस दिन व रात की शिफ्टों में अपनी डयूटी कर रही है।


































### कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया मतदान का महत्व

# विकसित भारत में युवा मतदाता का है अहम योगदान : संदीप सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

डीएवी कॉलेज में राज्य मंत्री श्री संदीप सिंह की अध्यक्षता और प्राचार्य प्रो गुरिंदर मक्कड़ गरिमामई उपस्थिति में छात्रों और शिक्षकों ने प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए नव मतदाता सम्मेलन में ऑनलाइन शिरकत की। कॉलेज कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ और मतदाता जागरूकता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में दो सौ से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज शहीद स्नारक पर पुष्प चक्र अर्पितकरने के बाद राज्य मंत्री श्री संदीप सिंह जी ने छात्रों और शिक्षकों के साथ मतदाता शपथ ली। मुख्य अतिथि ने बिना किसी औपचारिकता के छात्रों के मध्य बैठ कर प्रधान मंत्री के नव मतदाता संबोधन के साक्षी बने। प्रधान मंत्री के संबोधन के बाद श्री संदीप सिंह ने युवा मतदाताओं से संवाद किया और युवाओं से निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। प्रधान मंत्री द्वारा विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में में युवाओं के योगदान पर बोलते हुए राज्य मंत्री ने युवाओं से समाज और स्वयं के समग्र विकास के लिए प्रयासरत रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में युधिष्ठिर बहल, रामकिशन दुआ जिला सचिव, नगर पालिका अध्यक्ष श्री आशीष चक्रपाणि, श्री राकेश पुरोहित मंडल अध्यक्ष, अजेय कोरियोग्राफर युवा अध्यक्ष, लाड़ी पाल नरेश आर्य महामंत्री सुरेंद्र ढींगरा ने विशेष शिरकत की। इस अवसर पर समस्त कॉलेज स्टॉफ और सभी संकायों के छात्र उपस्थित रहे।



पिहोवा। राज्यमंत्री को सम्मानित करते प्राचार्य व मौजूद अन्य स्टाफ।



कुरुक्षेत्र। मतदान करने की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## पोस्टर से दी लोकतंत्र प्रणाली की जानकारी

कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर 3 विद्यालय में राष्ट्रीय मतदान दिवस मनाया गया कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद सदन द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य छात्रों को लोकतंत्र प्रणाली के बारे में समझाना एवं अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर छात्रों ने निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी की। विद्यालय आचार्या नीलम ने छात्रों को लोकतंत्र प्रणाली की जानकारी दी और बताया कि हम प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदान दिवस मनाते हैं। इस दिन 25 जनवरी 1950 को भारत के चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी और इसके अगले दिन यानी 26 जनवरी को संविधान लागू हुआ एवं गणतंत्र दिवस मनाया गया था। हर साल राष्ट्रीय मतदान दिवस का एक विशेष थीम भी रखा जाता है इस वर्ष मतदान दिवस का थीम है वोटिंग जैसा कुछ नहीं मैं निश्चित रूप से वोट करता हूं। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने छात्रों को जानकारी दी की अपने देश के नेता को चुनने का अधिकार हमारे पास है।



## गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कुरुक्षेत्र। किडजी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र में 75वा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ, राजेंद्र सैनी निदेशक फायर एंड सेफ्टी कुरुक्षेत्र, कैप्टन गुरमेल सिंह , ऑनर एंड फाउंडर ऑफ एम.आर फाइन क्रॉप्स मलकीत सिंह, आई.सी.आई सी बैंक से रविंद्र सैनी, विद्यालय के पी.आर.ओ कुमारी रुचिका, एकेडमिक कोरिडिनेटर मेघा, सहसचालिका सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा, पूजा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।



## मतदान के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया गया अध्यापक सुनील दत्त ने बताया कि 25 जनवरी 1950 को ही भारत के चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी, इसके बाद 26 जनवरी को देश में संविधान लागू हुआ। इस दिन को पहले सिर्फ याद किया जाता था, लेकिन साल 2011 से इसे एक दिवस के तौर पर मनाया जाने लगा।राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में चुनावी जागरुकता पैदा करना और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर अलग-अलग कैंप लगाए जाते हैं और फर्स्ट टाइम वोटर्स को उनका मतदाता फोटो पहचान पत्र दिया जाता है। कई जगहों पर युवाओं के लिए सेल्फी प्वाइंट भी लगाए जाते हैं। भारत 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा ने कहा कि अधिक युवा मतदाताओं को राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार ने हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसे भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए 25 जनवरी 2011 से शुरू किया गया है। इसे हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। यह न केवल युवाओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है बल्कि मूल अधिकार के रूप में वोट देने के अधिकार पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

## देश की आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे को सलामी देंगे देश के युवा:शांतनु

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हिंदुस्तान की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देने के लिए देश के जवान तत्पर है। इस राष्ट्रीय पर्व को परम्परा के अनुसार मनाने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए है। पुलिस लाईन पिपली के प्रांगण में 26 जनवरी को हरियाणा की महिला एंव बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगी। इस समारोह की तैयारियों में किसी प्रकार की खामी न रहे, इसके पुख्ता प्रबंध किए गए है। इतना ही नहीं, सुरक्षा व्यवस्था में कोई कोताही न बरते, इसके लिए पुलिस विभाग ने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के इंतजाम किए है। उपायुक्त शांतनु शर्मा वीरवार को देर सायं पिपली पुलिस लाईन के प्रांगण में गणतंत्र दिवस की तैयारियों का निरीक्षण किया।

## हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस : सोनू राम

पिहोवा। उपमंडल अधिकारी नागरिक सोनू राम ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह को पूरे हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह उपमंडल पिहोवा की अनाजमंडी में मनाया जाएगा, जिसके लिए सम्बधित विभागों द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। एसडीएम सोनू राम ने बताया कि 26 जनवरी 2024 को उपमंडल पिहोवा की अनाजमंडी में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जाएगा। समारोह में पूंडरी के विधायक रणधीर सिंह गोलन बतौर मुख्यातिथि राष्टद्भरीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह प्रातः 9.45 बजे शहीदी स्मारक पर पुष्पांजलि से आरंभ होगा। एसडीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा शानदार झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इसके अतिरिक्त चयनित स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी।




# गणतंत्र दिवस विशेषांक-कुरुक्षेत्र


































## भारत विश्व का सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश है: डॉ. शालीन

# मताधिकार मिलने से मतदाता को सरकार चुनने में भागेदारी मिलती हैः उपायुक्त

### सभी को 18 वर्ष की निर्धारित आयु में अपना वोट बनवाकर अपनी समझदारी एवं विवेक से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बाला**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि प्रजातंत्र में वोट का विशेष महत्व है। मताधिकार मिलने से मतदाता को सरकार चुनने में भागेदारी मिलती है। सभी को 18 वर्ष की निर्धारित आयु में अपना वोट बनवाकर अपनी समझदारी एवं विवेक से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उपायुक्त आज 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर ओपीएस विद्या मंदिर सेक्टर 9 अम्बाला शहर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंहुचे थे। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित सभी को मतदाता शपथ भी दिलवाई। यहां पंहुचने पर स्कूल के निदेशक इशा बंसल व प्रिंसीपल नीलम शर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम लक्षित सरीन, एसडीएम सी.जयाशारदा, नगराधीश विश्वजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा प्रजातान्त्रिक देश है। लोकतंत्र की प्रणाली को मजबूत करने के लिये हमें अपना वोट अवश्य बनवाना चाहिये तथा उस मत का प्रयोग भी धर्म, जाति व समुदाय से उपर उठकर अपने सयंम से सोच-समझकर करना चाहिये। उपायुक्त ने इस मौके पर यह भी कहा कि 25 जनवरी 1950 को चुनाव आयोग की स्थापना की गई थी और चुनाव आयोग पिछले कईं वर्षों से निष्पक्ष ढंग से चुनाव सम्पन्न करवा रहा है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोगों में वोट के प्रति जागरूकता आए और जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है वह अपना वोट अवश्य बनवाये। उन्होंने कहा कि वोट एक ऐसा अधिकार है जो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, बड़े से बड़े धनी या निर्धन व्यक्ति, सबके लिये एक समान होता है और इस अधिकार के तहत हम अपने वोट का प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि मत में बहुत बड़ी ताकत होती है। इसके चलते हम एक अच्छी सरकार का चयन कर सकते हैं और देश व समाज को नई उंचाईयों पर ले जाने का काम करते हैं। उन्होंने युवाओं को आहवान किया है कि वे मतदान को राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य समझते हुए अपना वोट अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि तकनीक के विकास और युवा मतदाताओं की भागीदारी बढने से पिछले एक दशक में चुनाव प्रणाली में बडे सुधार और बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होने कहा कि वोट बनने के बाद ही हर व्यक्ति एक जिम्मेदार नागरिक बनता है। इससे पहले स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतर प्रस्तुति दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने मतदाता दिवस के उपलक्ष में करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों व बैस्ट बीएलओ को भी प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया।


विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों व बैस्ट बीएलओ को भी प्रमाण पत्र देती डॉ. शालीन।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य नीलम शर्मा, चुनाव कार्यालय से प्रीतम कौशिक व रूचि के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## लाखों रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का मेयर ने किया शिलान्यास

**अंबाला।** अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने बुधवार को वार्ड नंबर 18 स्थित सौंडा में लाखों रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पहले गुरुद्धारा साहिब से आए ग्रंथी ने शब्द पढ़े और फिर विधिवत तरीके से मेयर शक्तिरानी शर्मा ने टायल लगाते हुए शिलान्यास किया। शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि सड़क का निर्माण शुरू किया गया है। इस वार्ड में जो भी काम रह गए है, उन्हें जल्द ही करवाया जाएगा।







# मोदी की गांरटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही : विधायक असीम गोयल

### संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पूर्ण आहुति डालनी होगी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बाला**

अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गांरटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी, तभी हम इस संकल्प को पूरा करने में सफल होगें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगभग 2.50 करोड़ की आबादी है जिसमें से लगभग 1.50 करोड़ लोगों के आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनाने का काम किया गया है। विधायक आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर व राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल सिंगावाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहीं।

विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी लोगों के लिए खुशहाली लेकर आई है। आयुष्मान भारत योजना व चिरायु योजना के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की गारंटी भी नरेन्द्र मोदी ने ली है। इन योजनाओं के माध्यम से सम्बन्धित लाभार्थी को 5 लाख रूपये के निशुल्क ईलाज की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। सरकार घर-द्वार पर आकर यानि वार्डों में जाकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलवा रही है।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन, रशीया जैसे देशों की लड़ाई मोदी जी के हस्तक्षेप से रूक जाती हैं और हमारे देश के बच्चे अपने हाथ में भारतीय झंडा लेकर सुरक्षित भारत वापिस आ जाते हैं। इसके साथ-साथ आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री आज मोदी जी को द बोस कहकर बुलाते हैं, ये हमारे देश के लिए गर्व की बात हैं। पहले लोगों को जीने के लिए रोटी, कपड़ा व मकान की जरूरत थी, लेकिन आज इसमें दो चीजें और जुड़ी हैं, पढाई और दवाई। पढाई के नाते हरियाणा सरकार द्वारा साढे पांच लाख टेबलेट 10 से 12 वीं कक्षा के सरकारी स्कूल के बच्चों को दिए गए हैं। इस वर्ष से नौवीं कक्षा के सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी टेबलेट दिए जाएगें ताकि वे भी इन्टरनेट के माध्यम से प्रतिस्पर्धा के इस युग में अपनी तैयारी कर सकें। रोटी के नाते 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन देने की गारंटी मोदी जी ने दी है और मकान के नाते पीएम आवास योजना के तहत पात्र व्यक्तियों पक्के मकान बनाकर दिए जा रहें हैं। आज लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ पीएम आवास योजना के तहत घर उपलब्ध करवाए जा रहें हैं। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक का ईलाज फ्री हो रहा हैं।




**17 लोगों के बनवाए आयुष्मान कार्ड**

इस मौके पर विधायक ने यह भी कहा कि आज सुल्तानपुर में आयोजित कार्यक्रम में 17 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गये, 7 लोगों की बुढ़ापा पेंशन बनाई गई। इसी प्रकार सिंगावाला में 7 आयुष्मान कार्ड व 7 लोगों की बुढ़ापा पेंशन बनाई गई। इस मौके पर ही विधायक द्वारा पात्र व्यक्तियों को प्रमाण पत्र दिए गए हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर कार्यकारी अभियंता एल.सी. चौहान, डीएमसी दीपक सूरा, रितेश गोयल, संजीव गोयल टोनी, पूर्व पार्षद हरीश शर्मा, गुरविन्द्र माणकपुर, धूरव त्रिखा, यशपाल और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।







